नाशिक | Friday, 25 September 2026

# ईरान-इजरायल सीजफायर से शेयर बाजार मे तीसरे दिन भी तेजी, सेसेंक्स 468 अंक उछला ; बजाज फाइनेसं टॉप गेनर।

Publisher

Published on 26 Jun 2025



## ईरान और इजरायल के बीच तनाव मे कमी के संकेतों ने निवेशकों को राहत दी है, जिससे घरेलू और वैश्विक शेयर बाजारों मे संकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। बजाज फाइनेसं, एयरटेल और टाटा स्टील जैसे दिग्गज शेयरों मे बंढ़त दर्ज की गई।

**नई दिल्ली, 26 जून 2025:** पश्चिम एशिया में **ईरान और इजरायल** के बीच **युद्धविराम (सीजफायर)** में प्रगति की वजह से **घरेलू** और **वैश्विक शेयर बाजारों** में लगातार तीसरे दिन तेजी देखने को मिली है। गुरुवार सुबह **सेसेंक्स 468 अंक** की छलांग लगाकर **82,755.51** पर पहुंचा, जबकि **निफ्टी 114.95 अंकों** की तेजी के साथ **25,359.70** पर ट्रेड करता दिखा।

**टॉप गेनर और लूज़र स्टॉक्स**

१. **बजाज फाइनेसं रहा सबसे बड़ा टॉप गेनर, शेयर मे 2.17% की बढ़त**

२. **भारती एयरटेल के शेयर 1.82% चढ़े**

३. **टाटा स्टील मे 1.47% और बजाज फिनसर्व मे 1.02% की तेजी**

वहीं दूसरी ओर, कुछ दिग्गज **स्टॉक्स मे गिरावट भी देखने** को मिली:

१.**महिंद्रा के शेयर 0.71% लुढ़के**

२.**टीसीएस 0.28%, इन्फोसिस 0.23%, कोटक महिंद्रा बैकं 0.17% और एसबीआई 0.13% नीचे आए**

**ग्लोबल मार्केट का हाल**

सीजफायर से जुड़ी सकारात्मक खबरों के चलते **एशिया पैसिफिक मार्केट** में भी अच्छा मूड दिखा:

१. **जापान का निक्केई 0.98% ऊपर**

२. **टॉपिक्स इंडेक्स मे 0.48% की उछाल**

३. **हालांकि ऑस्ट्रेलिया का ASX 200 0.11% और कोरिया का कोस्पी 0.51% गिरा**

**एक दिन पहले सेसेंक्स मे 700 अंकों की उछाल**

बुधवार को **भारतीय शेयर बाजार** में ज़बरदस्त तेजी रही थी:

१. **सेसेंक्स 700 अंक चढ़कर 82,755.51 पर बंद हुआ**

२. **निफ्टी 50 ने भी 200.40 अंकों की छलांग लगाई और 25,244.75 पर बंद हुआ**

**बजाज ब्रोकिंग** की रिपोर्ट में कहा गया कि **भू-राजनीतिक तनाव** में कमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है और इसका असर सीधा शेयर बाजार की चाल पर दिख रहा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.